पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की

लखनऊः 02 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उत्तर प्रदेश की पूर्व राज्यपाल सरोजिनी नायडू की 67वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सरोजिनी नायडू पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र रखकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि स्व0 सरोजिनी नायडू की नई मूर्ति उनके व्यक्तित्व के अनुरूप पार्क में लगायी जाए। वर्तमान मूर्ति उनके व्यक्तित्व के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्क का उचित सौन्दर्यीकरण भी होना चाहिए। पार्क में उपस्थित लोगों ने राज्यपाल से पार्क की बदहाली की शिकायत की, जिस पर राज्यपाल ने उचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

श्री नाईक ने कहा कि सरोजिनी नायडू उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल थीं तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष थी। श्रीमती नायडू एक अच्छी कवियत्री भी थी। उन्होंने कहा कि श्रीमती नायडू को 'नाइटेंगल आफ इण्डिया' भी कहा जाता है।

उल्लेखनीय है कि 02 मार्च, 1949 को श्रीमती नायडू का निधन राज्यपाल के पद पर रहते हुए था।

अंजुम/ललित/राजभवन(80/2)